सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



**Ananth Kumar**
Union Minister for Chemicals and Fertilizers
Govt. of India



**Narendra Modi**
Hon'ble Prime Minister of India



**Nihal Chand**
Minister of State, Chemicals and Fertilizers
Govt. of India

Dear Friends,

Our Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi has announced the "Swachh Bharat Abhiyan" (Clean India Mission) which he will launch on Gandhi Jayanti on October 2, 2014.

The drive to create a cleaner India is much simpler than it may appear. All it needs is your willingness to dedicate 100 hours every year, i.e. 2 hours of voluntary labour every week to the cause and inspire 100 others to do the same. Let us share and turn it to reality, our Hon'ble Prime Minister's dream of clean buildings, uncluttered streets, garbage free localities and clean waters in our lakes and rivers.

As the Union Minister for Chemicals & Fertilizers, I invite all my colleagues in the Ministry and in the government undertakings under the Ministry of Chemicals & Fertilizers and all fellow citizens to take a simple vow of keeping the environment clean and of being the change in inspiring others to join this sacred mission.

Like the Mahatma said, "The future depends on what we do in the present", and this endeavour will be our gift to the coming generations and to the world.

I wish you a happy Navratri & Dussehra and hope to see your participation in making the dream of a 'Swachh Bharat' a reality.

*Kuchh achha hai karke dikhana, swachh Bharat hai hamein banana.*

**(ANANTH KUMAR)**



**अनन्त कुमार**
केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री
भारत सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**निहाल चंद**
राज्य मंत्री, रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार

प्रिय मित्रो,

हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने '' स्वच्छ भारत अभियान'' की धोषणा की है, जिसका आरंभ 2 अक्टूबर, 2014 को गांधी जयंती के अवसर पर किया जाएगा।

स्वच्छ भारत के निर्माण का कार्य अपेक्षाकृत बहुत ही सरल है। बस, आपको प्रति वर्ष लगभग 100 घंटे अर्थात् सप्ताह में 2 घंटे स्वेच्छा से इस कार्य हेतु समर्पित करना है और 100 अन्य लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करना है। आइए, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री के साफ मकान, साफ–सुथरी गली, कूड़ा रहित मुहल्ला या गांव और नदी–तालाब में साफ पानी के सपने में भागीदार बनें और इसे साकार करने में अपना पूर्ण योगदान दें।

केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री होने के नाते मैं अपने मंत्रालय के सभी सहकर्मियों, मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले सभी उपक्रम और देश के नागरिकों को आमंत्रित करता हूं कि एक आसान सा संकल्प लें कि हम अपने वातावरण को साफ रखेंगे और दूसरों को भी इस पवित्र मिशन में योगदान के लिए प्रेरित करेंगे।

जैसा कि महात्मा ने कहा था, '' हमारा भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वर्तमान में हम क्या करते हैं।'' और यह आने वाली पीढ़ी और दुनिया के लिए हमारा बहुमूल्य उपहार होगा।

नवरात्री एवं दशहरा के अवसर पर हम आपकी खुशहाली की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि 'स्वच्छ भारत' के सपने को वास्तविकता में बदलने हेतु पूरे मनोयोग से इस अभियान में शामिल होंगे।

***कुछ अच्छा है करके दिखाना, स्वच्छ भारत है हमें बनाना!***

**(अनन्त कुमार)**